कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं बी.एड. संकायों की नैक ($B^{++}$) प्रत्यायित संस्था

# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय

सिविल लाइन्स, गोरखपुर–273001

**सम्बद्ध : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर**

# दिगंत

## ई-पत्रिका : मार्च-2026



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 'अ' श्रेणी में वर्गीकृत

**Website** : www.dnpgcollege.edu.in **Helpline Email** : dnpgonline@gmail.com

**Office Email** : dnpggkp@gmail.com **Contact Number** : 0551-2334549

For Social App links (Click one icon) :



# दिगंत-ई-पत्रिका:मार्च-2026

## संरक्षक मण्डल



परमपूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज

## मुख्य संरक्षक



श्री प्रमोद कुमार चौधरी
उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर

## सम्पादक मण्डल



प्रो. ओम प्रकाश सिंह
प्राचार्य



डॉ. सुभाष चन्द्र
संयोजक

## प्रधान सम्पादक



डॉ. विभा सिंह
सदस्य
सम्पादक समिति



डॉ. प्रियंका सिंह
सदस्य
सम्पादक समिति



श्री अश्वनी कुमार श्रीवास्तव
तकनीकी सहायक

March-2026



# कार्यक्रम-विवरण

| क्र. सं. | दिनांक एवं दिन | विभाग का नाम | कार्यक्रम का नाम | पेज नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07.03.2026 शनिवार | राजनीति विज्ञान विभाग | महिला दिवस की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी | 1 |
| 2 | 09.03.2026 सोमवार | बी.सी.ए. विभाग एवं प्लेसमेंट सेल | कम्युनिकेशन स्किल एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन | 2 |
| 3 | 09.03.2026 सोमवार | रसायन विज्ञान विभाग | एकेडमिक ऑडिट | 3 |
| 4 | 10.03.2026 मंगलवार | प्लेसमेंट सेल, करियर काउंसलिंग सेल, रक्षा अध्ययन विभाग | पैट्रियोटिक आई.ए.एस. के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी संगोष्ठी का आयोजन | 4–5 |
| 5 | 10.03.2026 मंगलवार | भौतिकी विभाग | राष्ट्रीय व्यवसायिक कौशल विकास कार्यक्रम | 5 |
| 6 | 14.03.2026 शनिवार | महाविद्यालय | वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह | 6 |
| 7 | 15.03.2026 रविवार | राष्ट्रीय सेवा योजना | सप्तदिवसीय शिविर का हुआ शुभारम्भ | 7 |
| 8 | 16.03.2026 सोमवार | महाविद्यालय | आई.क्यू.ए.सी. की बैठक | 8 |
| 9 | 16.03.2026 सोमवार | राष्ट्रीय सेवा योजना | सप्तदिवसीय शिविर के दूसरे दिन बौद्धिक सत्र आयोजित | 9 |
| 10 | 17.03.2026 मंगलवार | प्राणि विज्ञान विभाग | एकेडमिक ऑडिट | 10 |
| 11 | 17.03.2026 मंगलवार | वाणिज्य विभाग | कम्प्यूटराइज एकाउन्टिंग विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन | 11 |
| 12 | 17.03.2026 मंगलवार | राष्ट्रीय सेवा योजना | सप्तदिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस | 12 |
| 13 | 18.03.2026 बुधवार | राष्ट्रीय सेवा योजना | सप्तदिवसीय विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस | 13 |

March-2026



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14 | 19.03.2026 वृहस्पतिवार | राजनीति विज्ञान विभाग | ईरान–इज़रायल युद्धः भारत की स्थिति विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन | 14 |
| 15 | 19.03.2026 वृहस्पतिवार | राष्ट्रीय सेवा योजना | सप्तदिवसीय विशेष शिविर का पंचम दिवस | 15 |
| 16 | 20.03.2026 शुक्रवार | गणित विभाग | एकडेमिक आडिट | 16–17 |
| 17 | 20.03.2026 शुक्रवार | राजनीति विज्ञान विभाग | एम.ए. छात्रों द्वारा पावरपॉइंट प्रजेंटेशन | 17 |
| 18 | 21.03.2026 शनिवार | राष्ट्रीय सेवा योजना | सप्तदिवसीय विशेष शिविर का छठवें दिवस | 18 |
| 19 | 21.03.2026 शनिवार | राष्ट्रीय सेवा योजना | सप्तदिवसीय विशेष शिविर का छठवें दिवस | 19 |
| 20 | 23.03.2026 सोमवार | रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग | बी.ए., बी.एस.सी. भाग तीन के सिक्स सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन | 20 |
| 21 | 24.03.2026 मंगलवार | बी.एड. विभाग | 'वर्तमान परिदृश्य में शिक्षक–छात्र संबंध' विषय पर व्याख्यान | 21 |
| 22 | 24.03.2026 मंगलवार | भौतिक विज्ञान विभाग | अकादमिक लेखा परीक्षण एवं "विज्ञान के क्षेत्र में अवसर" पर अतिथि व्याख्यान | 22 |
| 23 | 25.03.2026 बुधवार | प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग | कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन | 23 |
| 24 | 28.03.2026 शनिवार | रसायन विज्ञान विभाग | अतिथि व्याख्यान | 23–24 |
| 25 | 28.03.2026 शनिवार | रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग | विभागीय अकादमिक परीक्षण एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन | 24 |
| 26 | 28.03.2026 शनिवार | राजनीति विज्ञान विभाग | विजिट | 25 |
| 27 | 28.03.2026 शनिवार | रोवर्स / रेंजर्स | पांच दिवसीय निपुण जांच शिविर का आरम्भ | 26 |
| 28 | 28.03.2026 शनिवार | बी.एड.विभाग | पांच दिवसीय स्काउट–गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन | 27 |

March-2026



## राजनीति विज्ञान का विभागीय निरीक्षण






दिनांक 07.03.2025 को महिला दिवस की पूर्व संध्या पर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में विभागीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. शैलेश सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण बहुआयामी प्रक्रिया है। जो शिक्षा आर्थिक स्वावलंबन, राजनीतिक आरक्षण एवं कानूनी सुरक्षा के माध्यम से लैंगिक समानता सुनिश्चित करती है। इस अवसर पर विभाग के समस्त शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

March



## बी.सी.ए. विभाग एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में कम्युनिकेशन स्किल एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन





**दिनांक 09.03.2026। महाविद्यालय के बीसीए विभाग एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में "कम्युनिकेशन स्किल एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर एवं गिनीज बुक रिकॉर्ड स्पीकर ई. पियूष पाण्डेय थे। मुख्य वक्ता ई. पियूष पाण्डेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि** आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल तकनीकी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रभावी कम्युनिकेशन स्किल ही व्यक्ति को भीड़ से अलग पहचान दिलाती है।

**कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बालाजी एकेडमी गोरखपुर के एकेडमिक हेड अविनाश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।** उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में किसी भी करियर में सफलता प्राप्त करने के लिए ज्ञान के साथ–साथ व्यक्तित्व और संवाद शैली का प्रभावी होना अत्यंत आवश्यक है। **कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ पवन कुमार पाण्डेय, संयोजक प्लेसमेंट सेल द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मुदित दुबे ने किया तथा आभार ज्ञापन बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ अनुराधा सिंह द्वारा व्यक्त किया गया।**

# रसायन विज्ञान विभाग द्वारा एकेडमिक ऑडिट



दिनांक 09.03.2026 को महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ प्रतिमा सिंह के नेतृत्व में सत्र : 2025–26 का एकेडमिक ऑडिट डॉ. कमलेश कुमार, सहायक प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग, किरोड़ीमल पी0जी0 कालेज, दिल्ली (सम्बद्ध दिल्ली विश्वविद्यालय) एवं महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी के निदेशक प्रो.परीक्षित सिंह के द्वारा किया गया।

**डॉ. कमलेश कुमार ने महाविद्यालय** के रसायन विज्ञान विभाग के शैक्षणिक सत्र 2025–26 के समस्त अभिलेखों की जाँच करते हुए आवश्यक सुझाव दिया, कि शोध एवं नवाचार में अत्यधिक कार्य करने की आवश्यकता है। **उक्त अवसर पर प्राचार्य, प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने अकादमी लेखा परीक्षण की गुणवत्ता पर बल देते हुए बताया की** हमारे महाविद्यालय के विकास में विभागीय उपलब्धियों का ही योगदान होता है। जिस प्रकार एम.एस.सी. अंतिम वर्ष परास्नातक रसायनशास्त्र के छात्र रत्नेश्वर भट्ट का पहले प्रयास में सी0एस0आइ0आर0 नेट जे0आर0एफ0 में देश में 34वॉ स्थान प्राप्त किया एवं विकास कुमार प्रजापति ने शोध करने हेतु अर्हता प्राप्त की है जिसमें से रत्नेश्वर भट्ट को देश के प्रमुख संस्थान इण्डियन इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कानपुर में शोध कार्य हेतु पंजीकरण हुआ है।

March-2026

# प्लेसमेंट सेल, करियर काउंसलिंग सेल, रक्षा अध्ययन विभाग एवं पैट्रियोटिक आई.ए.एस. के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी संगोष्ठी का आयोजन





**गोरखपुर 10.03.2026। दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज गोरखपुर के संवाद कक्ष में प्लेसमेंट सेल, करियर काउंसलिंग सेल, रक्षा अध्ययन विभाग एवं पैट्रियोटिक आई.ए.एस. के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी संगोष्ठी का आयोजन किया गया।** कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेष रूप से सिविल सेवाओं की तैयारी के प्रति जागरूक करना तथा उनके करियर मार्गदर्शन को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और अवसरों का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

**मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अमित जी, निदेशक, पैट्रियोटिक आई.ए.एस. ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि** आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल प्रतिभा ही नहीं बल्कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सही दिशा में मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को सिविल सेवा तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की रणनीति बताते हुए कहा कि नियमित अध्ययन, समसामयिक विषयों की जानकारी और सकारात्मक सोच सफलता की कुंजी है। उन्होंने आगे कहा कि युवा पीढ़ी देश की सबसे बड़ी शक्ति है और यदि विद्यार्थी अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखते हुए दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ें, तो वे न केवल व्यक्तिगत सफलता प्राप्त कर सकते हैं बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास के महत्व पर भी प्रकाश डाला तथा उन्हें बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए प्रेरित किया।

March-2026

**अध्यक्षीय उद्‌बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि** उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को नई दिशा प्रदान करते हैं और उन्हें अपने करियर के प्रति गंभीरता से सोचने के लिए प्रेरित करते हैं। महाविद्यालय निरंतर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण के लिए तैयार करने का प्रयास कर रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि आज की युवा पीढ़ी के सामने अवसरों की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है तो केवल सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प की। महाविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मार्गदर्शन और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे अपने जीवन में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त कर सकें।

## राष्ट्रीय व्यवसायिक कौशल विकास कार्यक्रम



दिनांक 10.03.2026 महाविद्यालय के बी0एस0सी0 षष्ठ्म सेमेस्टर के विद्यार्थियों सुमित शर्मा, सन्नी कुशवाला, रोशनी राव, शालू चौहान और आदित्य विश्वकर्मा का चयन भौतिकी विभाग के प्रभारी डॉ. नितीश शुक्ला के निर्देशन में आविष्कार फाउण्डेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय **राष्ट्रीय व्यवसायिक कौशल विकास कार्यक्रम** में हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन **वी.एम.एल. मुंजाल यूनिवर्सिटी, गुरूग्राम, हरियाणा में 15 से 17 मार्च 2026 को** हो रहा है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों में विद्यार्थियों के चयन से व्यवसायिक कौशल में निखार होगा तथा उन्हे आत्म निर्भर बनने में सहायता प्राप्त होगी। महाविद्यालय की टीम के मेंटर डॉ. नितीश शुक्ला ने बताया कि इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अपना स्टार्ट–अप/व्यवसाय शुरू करने और उसे चलाने के लिए आवश्यक व्यवहारिक कौशल सिखाया जायेगा। इससे पहले भी विद्यार्थियों की यह टीम मेरे निर्देशन में गोरखपुर जनपद की विजेता होते हुए राज्य स्तर पर लखनऊ के क्लार्क अवध होटल में आयोजित संकल्प भारत में प्रतिभाग करते हुए रूपये 15,000/– की राशि इनाम के रूप में प्राप्त कर चुकी है।

March 2026


# वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह





**दिनांक 14.03.2026 को** महाविद्यालय में 25 व 26 फरवरी 2026 को सम्पन्न हुई वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह संवाद कक्ष में सम्पन्न हुआ।

विजयी व प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्य अतिथि श्री रामजन्म सिंह, संयुक्त सचिव महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर ने कहा कि एक खिलाड़ी यदि स्वयं को लाचार न समझे तो वह निश्चित रूप से सफलता प्राप्त कर लेगा। सतत् प्रयास, अनुशासन व समर्पण की भावना खिलाड़ियों का मूल गुण होता है। वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि जीवन में अनुशासन व समयबद्धता का विशेष महत्व है। आज के कार्यक्रम में कुल 85 खिलाड़ियों सहित महाविद्यालय की वालीबाल, बास्केटबाल, कबड्डी टीम के खिलाड़ियों के साथ–साथ प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग किये हुए खिलाड़ियों को भी आज पुरस्कृत किया गया। बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अतुल सिंह तथा बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सोनाली मौर्या ने किया। कार्यक्रम में स्वागत एवं अतिथि परिचय क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. परीक्षित ने, संचालन डॉ. नितीश शुक्ला ने तथा आभार ज्ञापन क्रीड़ा परिषद के सचिव श्री अवधेश कुमार शुक्ला ने किया।



# राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय शिविर का हुआ शुभारम्भ







महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सप्तदिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ दिनांक 15 मार्च 2026 को बड़े उत्साह, अनुशासन और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय, सहजनवा के प्राचार्य, प्रो. विनोद कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह ने की। **कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रो. ओम प्रकाश सिंह** ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। सेवा के माध्यम से ही मनुष्य में संवेदनशीलता, अनुशासन और नेतृत्व की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार पाण्डेय ने अत्यंत प्रभावशाली एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया। कार्यक्रम की प्रस्ताविकी श्रीमती निधि राय ने प्रस्तुत की जिसमें उन्होंने शिविर के उद्देश्यों तथा आगामी सात दिनों में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पीयूष सिंह द्वारा किया गया।

# आई.क्यू.ए.सी. की बैठक





दिनांक 16 मार्च 2026 को आई.क्यू.ए.सी समिति की आंतरिक एवं बाह्य सदस्यों के साथ नैक मूल्यांकन की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गोरखपुर के मेयर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, प्रबंध समिति के सदस्य प्रमथ नाथ मिश्रा, गोरखपुर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सी. एम. सिन्हा, प्राचार्य प्रो ओम प्रकाश सिंह, आई. क्यू.ए.सी समन्वयक प्रो ओम प्रकाश सिंह, वरिष्ठ सदस्य प्रो नित्यानंद श्रीवास्तव, अभिभावक प्रतिनिधि, विद्यार्थी प्रतिनिधि सहित क्राइटेरिया 1 से 7 तक के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में NAAC मूल्यांकन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। क्राइटेरिया 1 से 7 तक के सभी समन्वयकों एवं सदस्यों ने अपने–अपने क्राइटेरिया से सम्बन्धित अब तक की तैयारियों, दस्तावेज़ों तथा प्रस्तावित कार्ययोजना की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर मेयर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि संस्थान द्वारा गुणवत्ता उन्नयन के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं और NAAC मूल्यांकन के माध्यम से संस्थान की शैक्षणिक एवं सामाजिक भूमिका और सुदृढ़ होगी। प्रबंध समिति के सदस्य प्रमथ नाथ मिश्रा एवं वरिष्ठ सदस्य डॉ. सी. एम. सिंह ने भी संस्थान को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सभी तैयारियों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने का सुझाव दिया।



# महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन बौद्धिक सत्र आयोजित








आज दिनांक 16.03.2026 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों द्वारा आयोजित विशेष सप्तदिवसीय शिविर के दूसरे दिन का कार्यक्रम मीराबाई छात्रावास स्थित महंत दिग्विजय नाथ स्मृति सभागार में संपन्न हुआ। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत सामूहिक रूप से गाया गया तथा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में स्वयंसेवकों ने सभागार परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया और स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद स्वयंसेवकों का परिचयात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने एक–दूसरे से परिचय प्राप्त किया। इस सत्र का उद्देश्य स्वयंसेवकों के बीच आपसी समन्वय और टीम भावना को मजबूत करना था।

द्वितीय सत्र में **"नई शिक्षा नीति 2020 : स्त्री शिक्षा के विशेष संदर्भ में"** विषय पर बौद्धिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। **इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. त्रिभुवन मिश्रा थे।** उन्होंने अपने वक्तव्य में नई शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह नीति शिक्षा को अधिक समावेशी, लचीला और व्यावहारिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



## प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा एकेडमिक ऑडिट






**दिनांक 17.03.2026 को महाविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग की व प्रभारी डॉ. अनिता कुमारी के नेतृत्व में सत्र 2025–26 एकेडमिक ऑडिट डॉ आर. पी. यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर, प्राणि विज्ञान विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के द्वारा किया गया।**

**डॉ यादव ने महाविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2025–26 के समस्त अभिलेखों की जांच** करते हुए विभाग की उन्नयन हेतु आवश्यक सुझाव दिया, जिन्हें भविष्य में क्रियान्वित करने का निश्चय किया गया। इसके साथ ही दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर द्वारा डॉ. अनिता कुमारी के निर्देशन में कुल तीन पूर्णकालिक पी.एच.डी स्कॉलर आवंटित होने पर डॉ. अनिता कुमारी को बधाई दी और कहा कि महाविद्यालय में शोध को बढ़ावा देने हेतु यह मील का पत्थर साबित होगा। **कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) ओम प्रकाश सिंह** ने प्राणि विज्ञान विभाग के कार्यों की प्रशंसा के साथ भविष्य में और बेहतर कार्यों के लिए सुझाव दिया।

## वाणिज्य विभाग द्वारा "Computerised Accounting" विषय पर व्याख्यान का आयोजन





दिनांक 17.03.2026 को महाविद्यालय मे वाणिज्य विभाग के द्वारा "Computerised Accounting" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अनूप धर दुबे ने बताया कि** आज के डिजिटल युग में पारंपरिक लेखांकन की जगह कंप्यूटरीकृत लेखांकन तेजी से ले रहा है। उन्होंने बताया कि Tally, Busy जैसे सॉफ्टवेयर का उपयोग करके अकाउंटिंग कार्य को अधिक तेज, सटीक और सुरक्षित बनाया जा सकता है। **कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ संजीव कुमार सिंह ने** यह भी कहा कि आने वाले समय में हर व्यवसाय में कंप्यूटर आधारित अकाउंटिंग की मांग बढ़ेगी, इसलिए छात्रों को इस क्षेत्र में दक्ष होना आवश्यक है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस






दिनांक 17.03.2026 को महाविद्यालय गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का शुभारंभ मीराबाई छात्रावास स्थित दिग्विजय नाथ स्मृति सभागार में अत्यंत गरिमामय वातावरण में हुआ। **ताइक्वांडो एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का नेतृत्व मुख्य प्रशिक्षक आदित्य जायसवाल एवं उनकी टीम के सदस्य विजय प्रजापति तथा सुष्मिता कुमारी ने किया।** प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण गुण सिखाए गए, जो विशेष रूप से छात्राओं के आत्मविश्वास एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुए। और **"विकसित भारत 2047 बनने में उत्तर प्रदेश की भूमिका"** विषय पर **निबंध प्रतियोगिता का आयोजन** किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और अपने विचारों के माध्यम से राज्य एवं राष्ट्र के विकास के प्रति अपनी समझ और जागरूकता का परिचय दिया। तत्पश्चात् दोपहर के बौद्धिक सत्र में **"नारी सशक्तिकरण" विषय पर मुख्य वक्ता प्रोफेसर अर्चना सिंह द्वारा अत्यंत प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।** प्रोफेसर सिंह ने ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करते हुए बताया कि भारतीय परम्परा में नारी को सदैव उच्च स्थान प्राप्त रहा है, किंतु समय के साथ सामाजिक कुरीतियों और असमानताओं ने उसकी प्रगति को बाधित किया।

## सप्तदिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस







**दिनांक 18.03.2026 को महाविद्यालय गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस का शुभारंभ मीराबाई छात्रावास स्थित दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में अत्यंत गरिमामयी वातावरण में किया गया।** तत्पश्चात शिविर में रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्वयंसेविकाओं के मध्य मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल के निर्णयानुसार रिया पाण्डेय को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, मुस्कान मद्धेशिया, काजल एवं रीना को द्वितीय स्थान मिला। तृतीय स्थान पर अनुष्का पाण्डेय, अर्चना चौधरी, श्रेया पाण्डेय, ज्योति, नैंसी पाण्डेय एवं संजना रहीं। प्रतियोगिता ने शिविर में उत्साह एवं सहभागिता का विशेष वातावरण निर्मित किया। **बौद्धिक सत्र में "युद्धग्रस्त वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका" विषय पर एक विस्तृत एवं समसामयिक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. इंद्रेश पाण्डेय रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में** वर्तमान अंतरर्राष्ट्रीय परिस्थितियों का विश्लेषण करते हुए ईरान, अमेरिका एवं इज़राइल से संबंधित वैश्विक तनावों का उल्लेख किया तथा इन परिस्थितियों में भारत की संतुलित, शांतिपूर्ण एवं कूटनीतिक भूमिका पर प्रकाश डाला।

Mar

## ईरान-इज़रायल युद्धः भारत की स्थिति विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन






**दिनांक 19.03.2026 को महाविद्यालय गोरखपुर के एम.ए. राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा "ईरान–इज़रायल युद्धः भारत की स्थिति" विषय पर एक प्रभावशाली वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्नातकोत्तर कक्षा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समसामयिक अंतर्राष्ट्रीय मुद्दे पर अपने विचार प्रस्तुत किए।**

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के सिद्धांतों, समसामयिक घटनाओं और ठोस तथ्यों का प्रभावी उपयोग करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए, जिससे कार्यक्रम अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक बन गया। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों की तर्कशक्ति, प्रस्तुतीकरण शैली और विषय की समझ के आधार पर उनका मूल्यांकन किया।

अंत में विजेताओं की घोषणा की गई तथा उन्हें प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। समापन अवसर पर विभाग के प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ–साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं।

## गणित विभाग द्वारा एकेडमिक आडिट





**दिनांक 19.03.2026 को महाविद्यालय के गणित विभाग में शैक्षणिक अंकेक्षण (एकडेमिक आडिट) सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।** इस अंकेक्षण का उद्देश्य विभाग की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षण–पद्धति, शोध गतिविधियों तथा अधोसंरचना (Infrastructure) का समग्र मूल्यांकन करना था।



**अंकेक्षण प्रक्रिया में बाह्य विशेषज्ञ डॉ. लतेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, एसोसिएट प्रोफेसर, बुद्धा डिग्री कॉलेज, गोरखपुर द्वारा विभागीय कार्यों, पाठ्यक्रम संचालन, विद्यार्थियों की प्रगति तथा उपलब्ध संसाधनों का गहन निरीक्षण किया गया।**

**गणित विभाग के प्रभारी डॉ सूरज कुमार शुक्ल ने कहा कि** अंकेक्षण के दौरान विभाग की अनेक विशेषताओं को सराहा गया, जिनमें अनुकूल शैक्षणिक वातावरण, शिक्षकों के मध्य उत्कृष्ट समन्वय एवं विद्यार्थियों के लिए नियमित रिमेडियल कक्षाओं का संचालन प्रमुख बिन्दु रहे।



## राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस






**दिनांक 19.03.2026 को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का शुभारंभ मीराबाई छात्रावास स्थित दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया।**


स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा सड़क सुरक्षा एवं नववर्ष थीम पर आधारित एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को **महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह, आईक्यूएसी के प्रभारी एवं वरिष्ठ आचार्य प्रो. परीक्षित सिंह तथा महाविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ. राम प्रसाद यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।**



रैली के माध्यम से स्वयंसेवकों ने आमजन को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित जीवनशैली एवं सकारात्मक नववर्ष संकल्पों के प्रति जागरूक किया।

**तत्पश्चात सहजयोग टीम, गोरखपुर द्वारा एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस टीम में डॉ. राजेश राज, श्री राजेश श्रीवास्तव एवं श्रीमती नीलम राज शामिल रहीं।** उन्होंने सहजयोग की महत्ता एवं इसके शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को व्यावहारिक अभ्यास भी कराया।

Mar-2026



इस सत्र ने प्रतिभागियों को मानसिक शांति, आत्म–संतुलन एवं आंतरिक ऊर्जा के महत्व से परिचित कराया। इसके बाद **"विकसित भारत @2047"** विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने अपने रचनात्मक विचारों को चित्रों एवं संदेशों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बुद्ध पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर के शिक्षा शास्त्र विभाग के अध्यक्ष एवं गोरखपुर विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री डॉ. निरंकार राम त्रिपाठी उपस्थित थे।

## परास्नातक के विद्यार्थियों ने समसामयिक मुद्दों पर प्रस्तुति





20 मार्च 2026 को महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में एम.ए. चौथे सेमेस्टर के छात्रों ने **समसामयिक मुद्दों पर उत्कृष्ट पावरपॉइंट प्रस्तुतियां** देकर शैक्षणिक उत्साह का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में कुल 70 छात्रों की उपस्थिति में 40 ने अपनी प्रस्तुतियां दीं, जो विभाग की सक्रियता का जीवंत प्रमाण है। गरिमा त्रिपाठी ने **'डिजिटल लोकतंत्र और सोशल मीडिया का चुनाव पर प्रभाव'** पर गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया, जिसमें सोशल मीडिया की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर सकारात्मक–नकारात्मक प्रभावों को रेखांकित किया गया। जागृति शाही ने **'भारत की सुरक्षा परिवेश एवं विदेश नीति'** विषय पर प्रकाश डालते हुए क्षेत्रीय चुनौतियों और कूटनीतिक रणनीतियों पर चर्चा की। डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनकी सक्रियता की भूरि–भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा, **"ऐसी प्रस्तुतियां शोध कौशल को सशक्त बनाती हैं और शैक्षणिक गुणवत्ता में क्रांतिकारी परिवर्तन लाती हैं।"**

## एन.एस.एस. के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के षष्टम् दिवस




20.03.2026 को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के छठे दिवस का शुभारंभ मौरावाई छात्रावास स्थित दिग्विजय नाथ स्मृति सभागार में उत्साहपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में किया गया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' थीम पर आधारित जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

तत्पश्चात विकसित भारत 2047 विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने अपनी रचनात्मकता एवं देशभक्ति से ओत–प्रोत भावनाओं को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता ने शिविर के वातावरण को और अधिक सजीव एवं उत्साहपूर्ण बना दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नंदनी कन्नौजिया, महिम, सोनाली, निखिल, करिश्मा, काजल की टीम व द्वितीय स्थान काम्या यादव, अर्चना गुप्ता पलक, अभिनव यादव, खुशी व गरिमा की टीम को तथा तृतीय हर्षिता त्रिपाठी, प्रियंका चौधरी, अर्पिता कुमारी, चांदनी मिश्रा, प्रियंका गुप्ता, सोहनी मिश्रा व प्रतिभा की टीम को मिली। दोपहर के बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. अवधेश शुक्ला उपस्थित रहे।


March

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित




दिनांक 21.03.2026 को महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. सत्यपाल सिंह (एसोसिएट प्रोफेसर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने की। मुख्य अतिथि डॉ. सत्यपाल सिंह ने अपने विस्तृत उद्‌बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना की मूल भावना 'मैं नही तुम' ("Not Me But your") को रेखांकित करते हुए कहा कि NSS युवाओं के चरित्र निर्माण सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि सेवा अनुशासन और समर्पण के माध्यम से ही एक सशक्त समाज की स्थापना संभव है। ऐसे शिविर विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से परे वास्तविक जीवन का अनुभव प्रदान करते हैं, जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता सहानुभूति एवं सामूहिक कार्य की भावना विकसित होती है। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के इस सप्तदिवसीय शिविर ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है उन्होंने सभी कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना किया।

March-2026



## बी.ए., बी.एस.सी. भाग तीन के षष्ठम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन






दिनांक 23 मार्च 2026 को महाविद्यालय के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग में बीए, बीएससी भाग तीन के षष्ठम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम में 46 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों जैसे–भारत में भीड़ सुरक्षा एवं प्रबंधन, रूस यूक्रेन युद्ध की समीक्षा, ऑपरेशन सिंदूर, उत्तर प्रदेश में नक्सलवाद समस्या एवं निवारण, उत्तर प्रदेश में बांग्लादेशी प्रवर्जन, सोशल मीडिया और राष्ट्रीय सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, दक्षिण एशिया में राजनीतिक स्थिरता, भारत पाकिस्तान संबंध, विज्ञान और तकनीकी का युद्ध पर प्रभाव, भारत नेपाल सीमा प्रबंधन, साइबर अपराध, क्वॉड का महत्व, भारत और अमेरिका संबंध, भारत में आतंकवाद आदि पर पर अपना प्रस्तुतीकरण किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर अनूप श्रीवास्तव सहायक आचार्य रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग, महाविद्यालय भटवली बाजार उनवल, गोरखपुर ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में तकनीकी दक्षता के साथ विषय की गंभीरता और महत्व को समझते हुए अपनी बातों को प्रभावशाली तरीके से व्यक्त करने की क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अभिषेक सिंह सहायक आचार्य रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर ने विद्यार्थियों को सुझाव देते हुए कहा की रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विषय एक ऐसा विषय है जो देश की सुरक्षा के परंपरागत तथा गैरपरंपरागत सुरक्षा चुनौतियों पर चिंतन मनन के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली सुरक्षा चुनौतियों पर भी प्रकाश डालता है।

## वर्तमान परिदृश्य में शिक्षक-छात्र संबंध विषय पर व्याख्यान




आज दिनांक 24 मार्च 2026 को दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग में अतिथि व्याख्यान एवं अकादमिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. अनुपम सिंह सहायक आचार्य, शिक्षा संकाय, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर **ने "वर्तमान परिदृश्य में शिक्षक–छात्र संबंध"** विषय पर व्याख्यान दिया, जो आज के बदलते शैक्षिक वातावरण में अत्यंत प्रासंगिक है।

अपने व्याख्यान में उन्होने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली वैदिक काल से लेकर वर्तमान समय तक परिवर्तनशील रही है। समय के अनुसार परिवर्तन आवश्यक है, किंतु एक चीज जो कभी नहीं बदली, वह है शिक्षक की नैतिकता। एक शिक्षक की नैतिक जिम्मेदारी समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। हमें जीवन में वह नहीं मिलता जो हम चाहते हैं, बल्कि वह मिलता है जो हमारे लिए उपयुक्त होता है। आपने प्रशिक्षुओं को ईमानदारी और परिश्रम के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही यह भी कहा कि प्रशिक्षुओं को केवल गोरखपुर या उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें पूरे भारत के विकास में अपनी भूमिका निभाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होने प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि प्रशिक्षु अधिक से अधिक अध्ययन करें, नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम करें और अपने समय का सदुपयोग करें। आज के युग में जहां संसाधन अधिक हैं, वहीं चुनौतियाँ भी बढ़ गई हैं, इसलिए संतुलन बनाकर आगे बढ़ना आवश्यक है।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में अतिथि वक्ता के द्वारा विभाग का अकादमिक अंकेक्षण किया गया, जिसके अन्तर्गत उन्होंने बी.एड. के प्रशिक्षणार्थियों से प्रतिपुष्टि लिया। अंकेक्षण के इसी क्रम में विभाग में चल रहे पंच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम, शैक्षणिक गतिविधियों एवं भौतिक संसाधनों का निरीक्षण किया तथा महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

March-2026





# भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा अकादमिक लेखा परीक्षण एवं ''विज्ञान के क्षेत्र में अवसर'' पर अतिथि व्याख्यान





दिनांक 24.03.2026 को महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. नितीश शुक्ला के नेतृत्व में सत्र 2025–26 के अकादमिक लेखा एवं **"विज्ञान के क्षेत्र में अवसर"** विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

मुख्यवक्ता डॉ. अमित सिंह चौहान, सहायक आचार्य, भौतिक विज्ञान विभाग, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह के संयुक्त निर्देशन में किया गया।

डॉ. अमित सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में कैरियर के अपार अवसर है। ISRO, DRDO और BARC जैसे संस्थाओं में जूनियर साइंटिस्ट का अवसर बी0एस0सी0 के बाद ही मिलता है। बी0एस0सी0, एम0एस0सी0 एवं पी0एचडी0 के बाद अध्यापन, शोध, उद्योग क्षेत्र में अपार अवसर के साथ–साथ स्वयं का स्टार्टअप स्थापित करते हुए अपने एवं आस पास के लोगों को भी रोजगार दिया जा सकता है। विभाग में उपलब्ध संसाधनों का वेहतर उपयोग करते हुए विभाग विद्यार्थियों को साथ लेकर विज्ञान, नवाचार, उद्यमिता एवं स्टार्टअप के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

भौतिक विज्ञान के प्रभारी डॉ. नितीश शुक्ला ने बताया कि अकादमिक लेखा परीक्षण के दौरान विभाग के अनेक विशेषताओं को सराहा गया। जिनमें अनुकूल शैक्षणिक वातावरण, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के मध्य उत्कृष्ट समन्वय का रहना है, जिसका प्रमाण महाविद्यालय, जिले एवं प्रदेश स्तर पर विज्ञान, नवाचार, एवं उद्यमिता के क्षेत्र में विद्यार्थियों की उपलब्धियॉ है।

## कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन






दिनांक 25 मार्च 2026 को महाविद्यालय के प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग द्वारा करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 118 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस कार्यक्रम के दौरान विभाग प्रभारी श्री धीरज कुमार सिंह और विभागीय शिक्षक डॉ. सुरेंद्र चौहान, डॉ. शिव कुमार एवं डॉ. कामिनी सिंह ने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं, शोध के अवसरों एवं भविष्य की संभावनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की।


## रसायन विज्ञान विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान

**दिनांक 28.03.2026 को महाविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग द्वारा** “Artificial Photosynthesis” **विषय पर एक अतिथि व्याख्यान आयोजित हुआ। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ0 राजेश कुमार यादव, प्रोफेसर, रसायनशास्त्र एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर ने अपने उद्बोधन में** कहा कि **कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण** (Artificial Photosynthesis) वह प्रक्रिया है, जिसमें





March-2026



वैज्ञानिक प्राकृतिक प्रकाश संश्लेषण की पुरानी विधि को कृत्रिम विधियों द्वारा सूर्य के प्रकाश पानी, और कार्बन डाई आक्साइड से ईंधन तथा उपयोगी रसायन बनाते है। **कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रो0 ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि** वैश्विक ऊर्जा पर अधिकार प्राप्त करने की नीति जो वैश्विक परिदृश्य में दिख रही है हम भारतवासी अपने शोध के द्वारा कृत्रिम ऊर्जा स्रोत पर कार्य तेजी से बढ़ा रहे है जिससे आने वाली ऊर्जा समस्या का समाधान हम जल्द ही प्राप्त कर लेंगें।

## रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग मे विभागीय अकादमिक परीक्षण एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन






**दिनांक 28.03.2026 को महाविद्यालय गोरखपुर के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग मे विभागीय अकादमिक परीक्षण एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया।** अकादमिक लेखा परीक्षण हेतु विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रो० विनोद कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर उपस्थित रहे। परीक्षण के दौरान उन्होंने विभाग के शैक्षिक कार्य योजना, आधारभूत संरचना, प्रयोगशाला उपकरण, पाठ्य योजना तथा शिक्षकों के शिक्षण शैली का निरीक्षण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि ईरान–अमेरिका युद्ध ने भारत सहित पूरी दुनिया को अपने प्रभाव में ले लिया है। हार्मुज जलमार्ग के अवरोधन ने पूरी दुनिया में ऊर्जा संकट की स्थिति उत्पन्न कर दी है। वर्तमान युद्ध में प्रयुक्त आधुनिक तकनीको, हाइब्रिड तथा इलेक्ट्रानिक युद्ध कर्म ने युद्ध के स्वरूप एवं भयावहता को परिवर्तित कर दिया है।


## प्रो. अश्विनी के. मोहपात्रा ने महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की सराहना





दिनांक 28 मार्च 2026 जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय अध्ययन विद्यालय (SIS) के प्रख्यात संकाय सदस्य प्रोफेसर अश्विनी के. मोहपात्रा ने आज दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रो. मोहपात्रा ने विभागीय गतिविधियों की उत्कृष्टता पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा, "विभागीय गतिविधियां उत्कृष्ट हैं। यहां शैक्षणिक वातावरण के साथ–साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाता है। शोध के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा।" प्रो. अश्विनी के. मोहपात्रा के पास 30 वर्षों से अधिक का शिक्षण एवं अनुसंधान अनुभव है। उन्होंने 70–50 पीएचडी एवं एम.फिल विद्वानों का सफलतापूर्वक मार्गदर्शन किया है।

March




## रोवर्स/रेंजर्स पांच दिवसीय निपुण जांच शिविर का आरम्भ





**दिनांक 28.03.2026 को महाविद्यालय में रोवर्स/रेंजर्स पांच दिवसीय निपुण जांच शिविर का आरम्भ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के रोवर लीडर डॉ. संजीत कुमार सिंह ने रोवर्स/रेंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि** इस प्रकार के प्रशिक्षण से आत्मानुशासन, प्रेम, सहयोग तथा सद्भावना का विकास होता है। इस अवसर पर रेंजर लीडर डॉ० जागृति विश्वकर्मा ने कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण युवाओं को शरीर से स्वस्थ, मस्तिष्क से जागरूक और स्वभाव से सरल बनाता है साथ ही विभिन्न प्रकार के कौशलों का विकास करता है ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन जीने की कला सीखा जाए।



## प्रशिक्षण पांच दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन






दिनांक 28 मार्च 2026 को महाविद्यालय को शिक्षक शिक्षा विभाग में आयोजित पांच दिवसीय स्काउट–गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को दीक्षा संस्कार और कैंप फायर के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद प्रशिक्षु छात्राध्यापिकाओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डा. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि स्काउट–गाइड प्रशिक्षण व्यक्ति में अनुशासन, सामूहिकता और टीम भावना विकसित करता है तथा कठिन परिस्थितियों को सहज बनाने की सीख देता है। शिविर के दौरान प्रशिक्षुओं को स्काउट–गाइड की प्रतिज्ञा दिलाई गई और दीक्षा संस्कार के तहत स्कार्फ व बैच पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों ने टेंट निर्माण, मिट्टी के चूल्हे तथा सामूहिक भोजन की प्रस्तुति दी। कैंप फायर में पुलवामा कांड पर आधारित लघु नाटक ने सभी को भावुक कर दिया।

March